# एन एस एस शिविर का समापन




**एनएसएस शिविर के समापन सत्र में छात्राओं के साथ कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी।**

गोहाना, 7 नवम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टिट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का आज समापन हो गया। समापन सत्र की अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने की जबकि बतौर मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने छात्राओं को सम्बोधित किया। अपने संबोधन में प्रो यादव ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य ही 'नॉट मी बट यू' है, और उसी सेवाभाव से हमारी स्वयंसेविकाएं समाज को जाग्रत करने का काम कर रही है। कुलसचिव ने छात्राओं से कहा कि इस शिविर के दौरान जो उत्तम कार्य आप सब ने किए है उन्हें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। प्रो. सुषमा जोशी ने बताया कि इस शिविर के दौरान छात्राओं ने भी मुख्यत नेतृत्व, टीम वर्क व जिम्मेदारी निभाना सीखा है, जो उनके भविष्य में बहुत काम आने वाला है। इस अवसर पर एन एस एस की प्रथम इकाई के प्रोग्राम अधिकारी डॉ राजेश , दूसरी इकाई के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. संदीप, तीसरी इकाई के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. पूनम , चौथी इकाई के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. मीनू , पांचवी इकाई के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. प्रीति एवं इकाई छह के प्रोग्राम अधिकारी डॉ. नितिका भी मौजूद रहे।

# वंदे मातरम् केवल शब्द नहीं है -यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है एक संकल्प है।

गोहाना, 7 नवम्बर (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में आज वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई जिसमें नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सत्र के कार्यक्रम में वर्चुयल माध्यम से जुड़ प्रधानमंत्री नरेंदर मोदी को महिला विश्वविद्यालय में सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल शब्द नहीं है-यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है , एक स्वप्न है एक संकल्प है। यह माँ भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो कोई संकल्प कर ले तो पूरा कर लेता है , ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है जिसको भारत पा ना सका हो। इस विशेष अवसर पर एक सिक्का और डाक टिकट जारी की गई है। कुलपति प्रो सुदेश ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस वर्षगांठ को 'एक समय-एक जगह-एक गीत' के माध्यम से यादगार बनाएं, ताकि राष्ट्रभावना गहरी हो सके। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव भी मौजूद रहे।



वंदे मातरम कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कुलपति प्रो सुदेश व कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव व अन्य।

पंजाब केसरी
SAT,08 NOVEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 2

# 4 महीने से वेतन न मिलने के विरोध में शुरू किया धरना

## महिला विश्वविद्यालय के कर्मचारी वेतन मिलने तक रोज दोपहर बाद 3 से 4 बजे तक देंगे धरना

गोहाना, 7 नवम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारियों को जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्तूबर के लगातार चार महीनों का वेतन नहीं मिला है। इस के विरोध में कर्मचारियों की संघर्ष समिति ने शुक्रवार को दोपहर बाद 3 बजे से 4 बजे तक महिला विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरना दिया। समिति की अध्यक्ष डॉ. राजेश और सचिव प्रो. सुमन ने कहा कि वेतन मिलने तक इसी समय रोज एक घंटे का धरना दिया जाएगा।



*महिला विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर धरने पर बैठे कर्मचारी।* (अरोड़ा)

अध्यक्ष डॉ. राजेश और सचिव प्रो. सुमन ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश और रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव को अनेक बार लिखित और मौखिक अनुरोध किए गए, लेकिन परिणाम शून्य रहा। चार महीने लंबे समय तक वेतन न मिलने से इस बार शैक्षणिक और गैर-शैक्षणिक कर्मचारी काली दिवाली मनाने के लिए विवश हो गए। दिवाली के बाद जब कर्मचारियों ने एक दिन का सांकेतिक धरना दिया, तब भी वी.सी. ने कहा था कि दस दिन के भीतर वेतन जारी हो जाएंगे। लेकिन यह आश्वासन केवल आश्वासन बन कर रह गया और अब भी वेतन मिलने की कोई उम्मीद नहीं है।

बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय कर्मचारी संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष प्रो. सुरेंद्र मोर, डॉ. ईशानी और प्रो. कृष्ण कुमार के साथ मीडिया प्रभारी डॉ. विजय कुमार ने कहा कि महिला विश्वविद्यालय में 1355 कर्मचारी नियुक्त हैं। इनमें शिक्षण कर्मचारी 800 और शेष गैर-शिक्षण कर्मचारी हैं। इसी संख्या में हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारी शामिल हैं।

एक महीने के वेतन 9 करोड़ बनते हैं। लेकिन राज्य सरकार द्वारा कम बजट के आवंटन के चलते वेतन बाधित हो गए हैं। संघर्ष समिति की अध्यक्ष डॉ. राजेश ने कहा कि कर्मचारियों को जब तक वेतन नहीं मिल जाएंगे, वे रोज एक घंटा धरने पर बैठेंगे।

पंजाब केसरी
SAT,08 NOVEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# एन.एस.एस. का लक्ष्य ही है नॉट मी बट यू : यादव




*एन.एस.एस. शिविर की प्रतिभागी छात्राएं रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव के साथ।* (अरोड़ा)

गोहाना, 7 नवम्बर (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टिट्यूट ऑफ़ हायर लर्निंग (आई.एच.एल.) में चल रहे सात दिवसीय एन.एस.एस. के विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया।

समापन सत्र की अध्यक्षता आई.एच.एल. की प्रिंसिपल डॉ. सुषमा जोशी ने की। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव रहे।

प्रो. यादव ने कहा कि एन.एस.एस. का लक्ष्य ही "नॉट मी बट यू" है, और उसी सेवाभाव से हमारी स्वयंसेविकाएं समाज को जागृत करने का काम कर रही है। हमारी छात्राएं जिस तरह से समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर स्वच्छता से लेकर साक्षरता तक लोकल से लेकर वोकल तक के बारे में लोगों को जागरूक कर रही हैं, वह निश्चित ही किसी समाज के विकास एक लिए शुभ संकेत है।

प्रिंसिपल डॉ. सुषमा जोशी ने कहा कि शिविर के दौरान छात्राओं ने भी मुख्यत: नेतृत्व, टीम वर्क और जिम्मेदारी निभाना सीखा है, जो उनके भविष्य में बहुत काम आएगा।

इस अवसर पर एन.एस.एस. की प्रथम इकाई से प्रोग्राम अधिकारी डॉ. राजेश , दूसरी इकाई से प्रोग्राम अधिकारी डॉ संदीप, तीसरी इकाई से प्रोग्राम अधिकारी डॉ. पूनम, चौथी इकाई से प्रोग्राम अधिकारी डॉ. मीनू, 5वीं इकाई से प्रोग्राम अधिकारी डॉ. प्रीति एवं इकाई छह से प्रोग्राम अधिकारी डॉ. नीतिका भी मौजूद रहे।

पंजाब केसरी
SAT,08 NOVEMBER 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# वंदे मातरम मातृभूमि के प्रति श्रद्धा व राष्ट्र के प्रति समर्पण की है अभिव्यक्ति



प्रो. सुदेश प्राध्यापकों के साथ वंदे मातरम का गान करते हुए। (अरोड़ा)

गोहाना, (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय में शुक्रवार को वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सत्र के कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़ कर पी.एम. नरेंद्र मोदी के संबोधन को महिला विश्वविद्यालय में भी सुना गया। महिला विश्वविद्यालय की वी.सी. प्रो. सुदेश ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गान नहीं, बल्कि मातृभूमि के प्रति श्रद्धा और राष्ट्र के प्रति समर्पण की अभिव्यक्ति है।

नरेंद्र मोदी ने में कहा कि वंदे मातरम केवल शब्द नहीं है, यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है एक संकल्प है। यह मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो कोई संकल्प कर ले तो पूरा कर लेता है।

ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है, जिसको भारत पा न सका हो। पी.एम. ने देशवासियों को वंदे मातरम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुण्य अवसर हमें प्रेरणा व ऊर्जा देता है। हर गीत का मूल भाव व मूल सन्देश होता है, वंदे मातरम का मूल भाव मां भारती है, भारत की शाश्वत कल्पना है।

प्रो. सुदेश ने छात्राओं से आह्वान किया कि वंदे मातरम के माध्यम से हमें अपनी स्वदेशी पहचान, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव भी मौजूद रहे।

# भगत फूल सिंह महिला महाविद्यालय में मनाया वंदे मातरम कार्यक्रम



**पल पल न्यूज: गोहाना, 7 नवंबर (अनिल जिंदल)।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सत्र के कार्यक्रम में वर्चुल माध्यम से जुड़कर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला विश्वविद्यालय में सुना गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल शब्द नहीं है यह एक मंत्र है, एक ऊर्जा है, एक स्वप्न है एक संकल्प है। यह मां भारती की साधना है, मां भारती की आराधना है। उन्होंने कहा कि भारत एक ऐसा राष्ट्र है जो कोई संकल्प कर ले तो पूरा कर लेता है, ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है जिसको भारत पा ना सका हो। प्रधानमंत्री मोदी ने समस्त देशवासियों को वंदे मातरम की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह पुण्य अवसर हमें प्रेरणा व ऊर्जा देता है। आज इस विशेष अवसर पर एक सिक्का और डाक टिकट जारी की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हर गीत का मूल भाव व मूल सन्देश होता है, वंदे मातरम का मूल भाव मां भारती है, भारत की शाश्वत कल्पना है।

# बॉलीवुड कलाकार

**मुंबई, 7 नवंबर।** बॉलीवुड एक्ट्रेस और सिंगर सुलक्षणा पंडित का मुंबई में गुरुवार शाम 7 बजे निधन हो गया। वे 71 साल की थीं। उनका निधन हार्ट अटैक के कारण हुआ। वे काफी समय से बीमार थीं। सुलक्षणा पंडित ने मुंबई के नानावटी अस्पताल में आखिरी सांस ली। परिवार ने जानकारी दी कि उनका अंतिम संस्कार आज दोपहर विले पारले (मुंबई) के पवन हंस श्मशान घाट में किया गया। सुलक्षणा के भाई ललित पंडित ने बताया कि उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी और तबीयत ठीक नहीं लग रही थी। हम उन्हें

ROYAL ENFIELD

# स्वयंसेविकाएं समाज व राष्ट्र हित में कार्य करें : प्रो. यादव




समापन सत्र में कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव व प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट आफ हायर लर्निंग में आयोजित सात दिवसीय एनएसएस शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन सत्र की अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने की। मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव रहे। उन्होंने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य ही नाट मी बट यू है, और उसी सेवाभाव से स्वयंसेविकाएं समाज को जाग्रत करने का काम करें। उन्होंने कहा कि स्वयंसेविकाएं समाज व राष्ट्र हित में काम करें। शिविंर के दौरान जो उत्तम कार्य किए उन्हें दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। प्रो. सुषमा जोशी ने कहा कि शिविर के दौरान छात्राओं ने मुख्य रूप से नेतृत्व, टीम वर्क व जिम्मेदारी निभाना सीखा है, जो उनके भविष्य में काम आएगा। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. राजेश, डा. संदीप, डा. पूनम, डा. मीनू, डा. प्रीति, डा. नितिका रहे।

# राष्ट्र निर्माण की दिशा में मिलकर काम करें

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सत्र के कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महिला विश्वविद्यालय में सुना गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं से आह्वान किया कि वे इस वर्षगांठ को एक समय, एक जगह व एक गीत के माध्यम से यादगार बनाएं, ताकि राष्ट्र भावना गहरी हो सके। इस गीत के माध्यम से हमें अपनी स्वदेशी पहचान, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो शिवालिक यादव भी मौजूद रहे।



# शिविर में छात्राओं ने सीखी समाजसेवा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टीच्यूट ऑफ हायर लर्निंग में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया। मुख्य अतिथि महिला विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य ही नॉट मी बट यू है। सेवाभाव से हमारी स्वयंसेविकाएं समाज को जाग्रत करने का काम कर रही हैं। हमारी छात्राएं जिस तरह से समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर स्वच्छता से लेकर साक्षरता तक लोकल से लेकर वोकल तक के बारे में लोगों को जागरूक कर रही है वो निश्चित ही किसी समाज के विकास एक लिए शुभ संकेत है। समापन सत्र की अध्यक्षता संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने की। इस शिविर में छात्राओं ने जो उत्तम कार्य किए उन सब को वे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। कार्यक्रम में एनएसएस छहों इकाइयों के कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डॉ. राजेश, डॉ. संदीप, डॉ. पूनम, डॉ. मीनू, डॉ. प्रीति और डॉ. नितिका का विशेष सहयोग रहा।

# शिविर में छात्राओं ने सीखी समाजसेवा

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुक्रवार को समापन हो गया।

कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य ही नॉट मी बट यू है। सेवाभाव से हमारी स्वयंसेविकाएं समाज को जाग्रत करने का काम कर रही हैं।

संस्थान की प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने कहा कि शिविर में छात्राओं ने जो उत्तम कार्य किए उन सब को वे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजेश, डॉ. संदीप, डॉ. पूनम, डॉ. मीनू, डॉ. प्रीति और डॉ. नितिका भी मौजूद रहे। संवाद

# राष्ट्र निर्माण में काम करें छात्राएं

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां में शुक्रवार को वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ मनाई गई। कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण को सुना गया। कुलपति प्रो. सुदेश ने छात्राओं का आह्वान किया कि वे राष्ट्रनिर्माण के लिए काम करें। राष्ट्रीय गीत के माध्यम से हमें अपनी स्वदेशी पहचान, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में मिलकर काम करना चाहिए। संवाद




# HOME SCIENCE BOOK LAUNCH HELD

**Sonepat:** In line with the National Education Policy (NEP-2020), a new book titled "Human Development: Infancy and Childhood" was released by Vice-Chancellor Prof Sudesh, at Bhagat Phool Singh Mahila Vishwavidyalaya. Authored by Prof Kalpana Dahiya from the Institute of Higher Learning, the book has been designed for BSc (home science) students. It presents a scientific analysis of the physical, mental, social, and emotional development during infancy and childhood. Prof Dahiya stated that the objective of this book was to develop a holistic understanding of human development among students and to encourage research-oriented and practical approaches in the field of child development. In keeping with the spirit of the NEP, the book emphasises experiential learning, field work, and case studies. Prof Dahiya added that the book would not only benefit home science students but would also serve as an important academic resource for researchers and professionals in the fields of child development, education, and social work.

# उत्तम कार्य को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : प्रो. शिवालिक



गोहाना। बीपीएस महिला विवि के कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने कहा कि एनएसएस का लक्ष्य ही नॉट-मी बट-यू है। इसी सेवाभाव से स्वयंसेविकाएं समाज को जाग्रत करने का काम कर रही हैं। ऐसे में छात्राओं ने शिविर के दौरान जो उत्तम कार्य किए हैं, वे उन्हें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना लें। प्रो. शिवालिक विवि के इंस्टीट्यूट ऑफ हायर लर्निंग में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर छात्राओं को संबोधित कर रह थे। उन्होंने कहा कि विवि की छात्राएं समाज के हर वर्ग तक पहुंच कर स्वच्छता, साक्षरता, लोकल फॉर वोकल के बारे में जागरूक कर रही हैं। प्राचार्य प्रो. सुषमा जोशी ने कहा कि सात दिवसीय शिविर के दौरान छात्राओं ने मुख्य रूप से नेतृत्व, टीम वर्क व जिम्मेदारी निभाना सीखा है, जो उनके भविष्य में बहुत काम आने वाला है। इस मौके पर प्रोग्राम अधिकारी डॉ. राजेश, डॉ. संदीप, डॉ. पूनम, डॉ. मीनू, डॉ. प्रीति, डॉ. नितिका मौजूद रहे।

# बीपीएस महिला विवि में मनाई वंदे मातरम् की वर्षगांठ



**गोहाना|** बीपीएस महिला विवि में शुक्रवार को वंदे मातरम् की 150 वीं वर्षगांठ मनाई गई। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय सत्र के कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से कुलपति प्रो. सुदेश व कुलसचिव प्रो. शिवालिक यादव ने छात्राओं संग पीएम नरेंद्र मोदी का संदेश सुना। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि वंदे मातरम् केवल शब्द नहीं है। यह एक मंत्र, ऊर्जा, स्वप्न और संकल्प है। यह मां भारती की साधना व आराधना है। भारत एक ऐसा राष्ट्र है, जो कोई संकल्प कर ले तो पूरा कर लेता है। ऐसा कोई लक्ष्य नहीं है, जिसको भारत पा न सका हो। इस कार्यक्रम का आयोजन छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग द्वारा किया गया।